# राजकीय महाविद्यालय सराहां

जिला सिरमौर (हि.प्र.)

*तृतीय वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह पर*

दिनांकः 8 मार्च, 2020 को प्रस्तुत

# वार्षिक प्रतिवेदन

—:मुख्य अतिथि:—

**श्री सुरेश कुमार कश्यप**

(माननीय सांसद, संसदीय क्षेत्र शिमला एवं प्रदेशाध्यक्ष, (भाजपा) राज्य अनुसूचित जाति मोर्चा)

—:विशिष्ट अतिथि:—

**श्रीमती रीना कश्यप**

(माननीय विधायक, पच्छाद)

—:विशेष अतिथि:—

**श्री बलदेव भण्डारी**

(चैयरमेन, कृषि विपणन बोर्ड हि.प्र.)

प्रस्तुतकर्ता

**हेमन्त कुमार**

प्राचार्य

**"सम्मान पत्र"**

राजकीय महाविद्यालय सराहां के तृतीय पारितोषिक समारोह के मुख्यातिथि, बहुत ही आदर के योग्य एवं लोकप्रिय और शिमला संसदीय क्षेत्र के माननीय सांसद श्री सुरेश कुमार कश्यप जी, मंच पर आसीन विशिष्ट अतिथि और पच्छाद क्षेत्र की माननीय विधायक श्रीमती रीना कश्यप जी एवं हमारे सम्माननीय अतिथि और राज्य कृषि विपणन निगम (हि.प्र.) के चेयरमैन श्री बलदेव भण्डारी जी, श्री नरेन्द्र गोसाईं, प्रधान सराहां ग्राम पंचायत, और उपस्थित अन्य सभी अतिथिगण, राजकीय आदर्श महाविद्यालय सराहां आप सभी को अपने मध्य पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस शुभ अवसर पर अपनी तरफ से, महाविद्यालय प्राध्यापक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग, केन्द्रिय छात्र परिषद, शिक्षक–अभिभावक संघ तथा समस्त विद्यार्थियों की ओर से आप सभी का हृदयतल से हार्दिक अभिनन्दन करता हूं। माननीय अतिथि जी आपने अपनी अनेक व्यस्तताओ के बावजूद इस समारोह मे पधार कर हम सभी को अनुगृहीत किया है। इस के लिए हम सभी आपके विशेष आभारी हैं। आपकी उपस्थिति हमारे लिए गर्व एवं गौरव का विषय है।

माननीय सांसद महोदय, आपका जन्म जिला सिरमौर के गांव पपलांह डाकघर, गागल शिकोर में 23 मार्च, 1971 को श्रीमती शान्ति देवी व श्री चम्बेल सिंह के घर हुआ। आपकी 8 वर्ष तक की पढ़ाई स्थानीय विद्यालय गागल शिकोह में तथा 12वीं तक की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, सराहां में हुई। आपने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक व जम्मू और कश्मीर विश्वविद्यालय से स्नातक की तथा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में एम.ए. पूरी की। इसके अलावा आपने अज़मेर विश्वविद्यिालय से नागरिक प्रशासन विषय में भी एम.ए. की। आपने पर्यटन व प्रबन्धन विषय में भी इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। वर्ष 2008 में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से नागरिक प्रशासन विषय में एम. फिल. की।

वर्ष 1988 में आप भारतीय वायु सेना में भर्ती हुए और 16 वर्ष 6 महीने तक अपनी सेवाएं देकर सेवानिवृ हुए। तद्उपरांत समाज सेवा के उद्देश्य से आपने राजनीति में प्रवेश किया और पांच वर्ष तक पच्छाद ब्लॉक समिति के सम्माननीय सदस्य रहे। वर्ष 2012 में आपकी कर्मठता और समाज सेवा की भावना के कारण दूसरी बार हिमाचल विधान सभा लिए वर्ष 2017 में आप पुनः विधायक निर्वाचित हुए। वर्ष 2019 में आपको बड़ा दायित्य सौंपते हुए शिमला संसदीय क्षेत्र के लोगों द्वारा अपना सांसद चुना गया। तब से आप निरन्तर पच्छाद विधान सभा क्षेत्र तथा शिमला संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं।

मान्यवर ! आपका सौम्य व्यक्तित्व, विभिन्न विषयों में उच्च शिक्षा, भारतीय वाुय सेना में गौरवमयी अनुशासित सेवा काल व जनसाधारण के प्रति समाज सेवा की भावना निश्चित रूप से वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरक रहेगा।

हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आपका व्यक्तिगत एवं राजनीतिक जीवन मंगलमय हो तथा सफलता के शिखर तक पहुंचे और आप इसी प्रकार कर्मठता और दृढ़ निश्चय से पच्छाद जिला सिरमौर एवं समस्त हिमाचल प्रदेश से सर्वांगिण विकास में योगदान करते हुए गौरव प्राप्त करें।

अब मैं महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों और उपलब्धियों का प्रतिवेदन आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

**महाविद्यालय परिचयः—**

राजकीय महाविद्यालय सराहां का शुभारंभ 12 जून, 2014 को हुआ। इसकी परिकल्पना पच्छाद क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने के उद्देश्य से की गई। इस महाविद्यालय के विद्यार्थी परिश्रमी, अनुशासनप्रिय और सरल हैं। महाविद्यालय का शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग निष्ठावान और परिश्रमी हैं व विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास में तत्पर है। यद्यपि महाविद्यालय के पास भवन इत्यादि सुविधाएं आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त नहीं हैं, फिर भी सीमित साधनों में ही अध्ययन व अध्यापन का कार्य पूर्ण कुशलता व मनोयोग से किया जा रहा है। वर्तमान सत्र में स्नातक कक्षाओं में कुल 375 विद्यार्थी अध्ययनरत है जिसमें 102 छात्र व 273 छात्राएं है। सिरमौर जिले में अन्य नए महाविद्यालयों की शुरूआत के बावजूद इस महाविद्यालय की छात्र संख्या में प्रतिवर्ष वृद्धि हो रही है। इन आंकड़ों में यह स्पष्ट हो जाता है कि क्षेत्र की छात्राएं जो इस संस्थान के खुलने से पहले शिक्षा से वंचित थी, उन्हे शिक्षा ग्रहण करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है तथा वे राष्ट्र निमाण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त रूप से विकसित हो रही हैं। यह कहते हुए मुझे हर्ष हो रहा है कि महाविद्यालय के नए भवन का कार्य प्रगति पर है। हमें आशा है कि इसी वर्ष हम नए भवन में स्थानांतरित होंगे।

**महाविद्यालय का शिक्षक व गैर–शिक्षक वर्ग**

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस महाविद्यालय में कला तथा वाणिज्य संकायों के संचालन के लिए कुल 21 पद स्वीकृत हैं। जिसमें 11 शिक्षक व 10 गैर–शिक्षक वर्ग हैं। कला संकाय में समाजशास्त्र विषय में डॉ. सुद्ययान नेगी, भूगोल विषय में श्री जगपाल तोमर, अंग्रेजी विषय में श्रीमती वृंदा शांडिल, इतिहास विषय में श्री संदीप कुमार कनिष्क ,हिन्दी विषय में श्री मनोज कुमार, राजनीति विषय में श्री अजय सिंह व संगीत विषय (वाद्य) में श्री विजेश पांडे कार्यरत है। वाणिज्य विभाग में श्री मस्त राम व श्रीमती रितु कार्यरत है। शिक्षकों के साथ गैर–शिक्षक कर्मचारी भी महाविद्यालय के महत्वपूर्ण स्तम्भ होते है। दोनों के समान संचलन पर किसी भी शिक्षण संस्थान का विकास निर्भर करता है।

कार्यालय अधीक्षक श्री सुखदेव जी प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। यह बताते हुए मुझे बहुत हर्ष हो रहा है कि इस साल महाविद्यालय में कनिष्ठ कार्यालय सहायक के पद पर श्री राहुल ने 22/10/19 को पदभार संभाला है। श्री धर्म सिंह, श्री सुरेन्द्र, श्रीमती सुमित्रा जी, श्रीमती शान्ति देवी जी व श्रीमती विमला देवी जी चतुर्थ श्रैणी में कार्यरत है। अभिभावक शिक्षक संघ निधि से सफाई कर्मचारी श्रीमती प्रेम देवी जी नियुक्त है।

**स्थानान्तरण/नियुक्ति/सेवानिवृती**

इस सत्र में प्राचार्य श्री प्रवीण कुमार मलिक 31/07/19 को सेवानिवृत हुए व श्री हेमन्त कुमार जी ने राजकीय महाविद्यालय रोनहाट से स्थानान्तरित होकर 30/08/19 को महाविद्यालय प्राचार्य पद को ग्रहण किया। इतिहास की सह–प्राध्यापिका श्रीमती सिमरन धिलदयाल जी राजकीय महाविद्यालय ददाहू स्थानान्तरित हुए तथा उनकी जगह श्री संदीप कुमार कनिष्क जी ने कार्यभार संभाला है। हिन्दी विभाग में श्रीमती मोल्लम डोलमा के स्थानान्तरण होन पर श्री मनोज कुमार ने पद संभाला है। कार्यालय अधीक्षक श्री शम्भूनाथ जी के स्थानान्तरण के पश्चात श्री सुखदेव जी ने पद सम्भाला है। चतुर्थ श्रैणी मे कार्यरत श्री रतन सिंह के स्थानान्तरण होने पर श्रीमती विमला देवी ने कार्यभार सम्भाला है।

## गृह परीक्षा

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिक श्रीमती वृंदा शांडिल, श्री मस्तराम, श्री अजय सिंह व श्रीमती रितु व सभी प्राध्यापकों के सहयोग से गृह परीक्षाओं को सम्पन्न किया गया। इनमें विद्यार्थियों की सहभागिता लगभग शत–प्रतिशत रही।

## केन्द्रिय छात्र परिषद

महाविद्यालय में छात्रों की समुचित प्रतिनिधित्व एवं लोकतांत्रिक सहभागिता प्रदान करने हेतू योग्यता के आधार पर केन्द्रिय छात्र परिषद का गठन किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | अध्यक्ष | तपेन्द्र सिंह | पंचम सत्र, कला संकाय |
| 02 | उपाध्यक्ष | कविता | पंचम सत्र, वाणिज्य संकाय |
| 03 | सचिव | अन्जली देवी | द्वितीय वर्ष, कला संकाय |
| 04 | संयुक्त सचिव | टंकिता | प्रथम वर्ष, कला संकाय |

इन पदाधिकारियों व सदस्यों को पद तथा कर्तव्य निष्ठा की शपथ 25/09/19 को दिलाई गई।

## अभिभावक शिक्षक संघ

शैक्षणिक सत्र 2019–20 के निर्बाध संचालन हेतू, प्राचार्य श्री हेमंत कुमार जी के संरक्षण में दिनांक 09/10/19 को अभिभावक–शिक्षक संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सदस्यों का चुनाव किया गया। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य संरक्षक | श्री हेमन्त कुमार |
| 02 | प्रधान | श्री रमेश दत्त पराशर |
| 03 | वरिष्ठ उपप्रधान | श्री जगत राम |
| 04 | उपप्रधान | श्रीमती अरूणा ठाकुर |
| 05 | सचिव | श्री जगपाल तोमर |
| 06 | सह सचिव | श्रीमती अंजना ठाकुर |
| 07 | सलाहकार | श्री कृष्ण गोपाल नेहरू |
| 08 | कोषाध्यक्ष | श्री सुखदेव |

## एन.एस.एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना)

महाविद्यालय में एन.एस.एस. ईकाई श्री जगपाल तोमर की देख–रेख में छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में उत्कृष्ट भूमिका निभा रही है। इस सत्र के दौरान इकाई ने सात दिवसीय शिविर का आयोजन 03/12/19 से 09/12/19 तक किया गया। इस शिविर के दौरान 25 स्वयसेवकों ने भाग लिया। इनमें 23 छात्राएं व 02 छात्र थे। शिविर संचालन में श्रीमती रितु व श्रीमती वृंदा शांडिल ने भी महिला संचालक के रूप में सहयोग दिया। प्रतिदिन अलग–अलग वक्ताओं ने शिविर में भाग ले रहे छात्रों को विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान की।

## पुस्तकालय विभाग

पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान का सबसे महत्वपूर्ण ज्ञान का केन्द्र होता है। पुस्तकों का महत्व कभी भी कम नहीं होता। वर्तमान में पुस्तकालय अध्यक्ष का पद रिक्त है किन्तु यह दायित्व श्री अजय सिंह, सहायक प्राध्यापक राजनीतिक शास्त्र द्वारा कुशलतापूर्वक निभाया जा रहा है। पुस्तकालय में कला व वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों के लिए बहुमुल्य पुस्तकों को रखा गया है जिसे पढ़कर विद्यार्थी अपने ज्ञान में वृद्वि कर रहे हैं। अभी हाल ही में पुस्तकालय के बहुमुल्य खजाने में वृद्वि करते हुए माननीय सांसद श्री सुरेश कश्यप के द्वारा 50,000 रू. की सहायक राशि से पुस्तकालय को कला व वाणिज्य संकायों से सम्बन्धित किताबें भेंट की गई, जिसके लिए महाविद्यालय शिक्षक वर्ग उनके इस कार्य का आभार व्यक्त करता है। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्री प्रवीण कुमार मलिक द्वारा अपनी व्यक्तिगत निधि से 5,600 रू. की किताबें महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भेंट की है। महाविद्यालय परिवार उनकी इस मदद के लिए उनका आभार व्यक्त करता है।

## इको क्लब

महाविद्यालय में इको क्लब का गठन भी किया गया है जिसका कार्यभार सहायक प्राध्यापक श्री सुद्ययान नेगी के निर्देशन में चल रहा है। इको क्लब समय–समय पर अनेक गतिविधियों का संचालन करता है। स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय के छात्रों को स्वच्छता व साफ–सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य यह क्लब करता है।

## भारत स्काऊट एण्ड गाइड

महाविद्यालय में भारत स्काऊट एण्ड गाइड इकाई का गठन सहायक प्राध्यापक श्री अजय सिंह व श्रीमती रितु के संरक्षण में किया गया हैं। इस इकाई में 24 छात्राएं **(रैन्जर्स)** व 24 छात्र **(रोवर्स)** नामांकित है। इस इकाई के संचालकों श्री अजय सिंह व श्रीमती रितु द्वारा 15जून से 21 जून, 2019 को **भारत स्काऊट एण्ड गाइड** द्वारा **हिमाचल प्रदेश प्रशिक्षण संस्थान** में आयोजित **राज्य स्तरीय बेसिक कोर्स** में भाग लिया।

## रेड रिबन इकाई

महाविद्यालय में रेड रिबन इकाई नोडल अधिकारी वृंदा शांडिल व श्री मनोज कुमार के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। रेड रिबन इकाई के सौजन्य से 'एड्स' दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर डॉ. वीना सन्गल व डॉ. विनोद सन्गल ने एड्स जैसी गम्भीर बीमारी पर विद्यार्थियों को विस्तृत व ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान की। इस महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने स्थानीय लोगों को जागरूक करने हेतू एक विशाल रैली का भी आयोजन किया। इसके अन्तर्गत नारा लेखन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

सहायक प्राध्यापिका श्रीमती वृंदा शांडिल के नेतृत्व में रेड रिबन इकाई के अन्तर्गत कला संकाय छठवें सत्र की तीन छात्राओं मीना, कविता व निशा ने नाहन में 24/02/2020 को आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला में एड्स के बारे मे विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई।

## छात्रवृति योजनाएं

महाविद्यालय भारत सरकार व हिमाचल सरकार की और से विभिन्न प्रकार की छात्रवृति विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाता है जिसमें कल्पना चावला छात्रवृति योजना, अनुसूचित जाति व जनजातिय छात्रवृति योजना तथा अन्य पिछड़ा

वर्गों के लिए छात्रवृति योजना प्रमुख है। वर्ष 2018–19 में इन छात्रवृतियों के माध्यम से 4 लाख 82 हजार 108 रू. की राशि स्वीकृत हुई है। इसके लाभ विभिन्न वर्गों के छात्रों को मिलेगा।

## महत्वपूर्ण गतिविधियां

### जून/जुलाई 2019

1. 21 जून, 2019 को ***आर्ट ऑफ लिविंग*** से **श्री गौरव** ने योग किया का आयोजन करवाया जिसमें महाविद्यालय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, सराहां दोनों संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।
2. 26जून, 2019 को महाविद्यालय में ***अन्तर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस*** का आयोजन करवाया गया।
3. 28 जून, 2019 को महाविद्यालय में **नेहरू युवा केन्द्र** से आए **श्री सुरेन्द्र शर्मा** व **श्रीमती कार्यफा** ने ***स्वच्छ भारत मिशन*** पर अपने विचार विद्यार्थियों के समक्ष रखे।
4. 11 जुलाई, 2019 को महाविद्यालय में **गृह रक्षा विभाग** द्वारा ***आपदा प्रबंधन*** के विषय में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की गई।

### अगस्त/सितम्बर, 2019

1. अगस्त के आरंभ में **अमर उजाला** द्वारा नाहन में ***'एक राष्ट्र एक चुनाव'*** विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थी**जयवंती** (बी.ए. प्रथम वर्ष) व **विशाल** (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने **द्वितीय स्थान** प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन सहायक प्राध्यापक श्री मनोज कुमार द्वारा किया गया।
2. 21 अगस्त, 2019 को **अमर उजाल** द्वारा शिमला में ***'भारतीय क्षेत्रवाद ने भारत को कमज़ोर किया'*** विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में **जयवंती** (बी.ए. प्रथम वर्ष) व **विशाल** (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने भाग लिया। इन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन सहायक प्राध्यापक श्री अजय सिंह एवं श्रीमती रितु द्वारा किया गया।
3. 27 अगस्त, 2019 को महाविद्यालय में **श्री दिनेश शर्मा(खण्ड समन्वयक, पच्छाद)**द्वारा विद्यार्थियों को सफाई हेतू महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।
4. 05 सितम्बर, 2019 को **अध्यापक दिवस** का महाविद्यालय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, सराहां द्वारा मिलकर आयोजन करवाया गया।
5. 14 सितम्बर, 2019 को सहायक प्राध्यापक श्री मनोज कुमार के निर्देशन में **हिन्दी दिवस** के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।
6. 20 सितम्बर, 2019 को महाविद्यालय में **सर्जिकल स्ट्राईक दिवस** का सफल आयोजन हुआ।

### अक्तुबर, 2019

1. 01 अक्तूबर, 2019 को महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक श्री जगपाल तोमर के निर्देशन में ***Fit India Movement*** के अन्तर्गत महाविद्यालय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, सराहां के विद्यार्थियों द्वारा एक विशाल रैली का सफल आयोजिन किया गया।
2. 01अक्तूबर, 2019 को ही महाविद्यालय में इतिहास विभाग में सहायक प्राध्यापक श्री संदीप कुमार कनिष्क द्वारा **गांधी जयंती** के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, का आयोजन करवाया गया।

3. 10अक्तूबर, 2019 को महाविद्यालय में **SWEEP**के अन्तर्गत ***जागरूकता अभियान*** का आयोजन श्री जगपाल तोमर के निर्देशन में किया गया।
4. इसी दिन महाविद्यालय की **IQACसमिति** का गठन किया गया। महाविद्यालय से सम्बन्धित सभी प्रकार के निर्णय इसी समिति द्वारा लिए जाते हैं।
5. 28अक्तूबर, 2019 से 02 नवम्बर, 2019 तक महाविद्यालय में ***Vigilance Awareness Week***मनाया गया।
6. 28अक्तूबर, 2019 को संगीत विषय के छात्र–छात्राओं ने **नेहरू युवा केन्द्र** द्वारा आयोजित ***खण्ड–स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम*** मे समूहगान प्रतियोगिता मे **'प्रथम स्थान** प्राप्त किया।
7. 31अक्तूबर, 2019 को श्री जगपाल तोमर के निर्देशन मे ***'एकता दिवस'*** पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसी के अन्तर्गत महाविद्यालय में**एस.एच.ओ. सराहां** द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया गया।

**नवम्बर, 2019**

1. 16 नवम्बर, 2019 में ***नशा निवारण दिवस*** पर महाविद्यालय के प्रांगण में एक मानव श्रृंखला बनाकर ***Say No To Drug***नारे के अन्तर्गत नशे को दूर करने के लिए आवाज उठाई। नशे के प्रति स्थानीय लोगों को जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों ने एक विशाल रैली व स्थानीय बस स्टैण्ड पर एक **नुक्कड़ नाटक** का भी आयोजन किया।
2. 19 नवम्बर, 2019 को महाविद्यालय में ***कैरियर काउंसलिंग सेशन*** के अन्तर्गत **डॉ. के.डी. सिंह बेदी** *(Vice President Strategic Alliance, Chitkara University)* द्वारा विद्यार्थियों को व्याख्यान के द्वारा कैरियर के विषय में जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री सुद्ययान नेगी जी के निर्देशन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।
3. 26 नवम्बर, 2019 को महाविद्यालय में ***संविधान दिवस*** तथा ***संविधान निर्माण की 70वीं जयंती*** के मौके पर सहायक प्राध्यापक श्री जगपाल तोमर तथा श्री अजय सिंह के निर्देशन मे छात्रों के लिए ***प्रश्नोत्तरी तथा वाद–विवाद प्रतियोगिताओं*** का आयोजन किया गया।

**दिसम्बर, 2019**

6 दिसम्बर, 2019 को महाविद्यालय में **रेड रिबन क्लब** द्वारा ***अन्तर्राष्ट्रीय एड्स दिवस*** मनाया गया।

**फरवरी, 2020**

1. 11 फरवरी, 2020 को महाविद्याय में पहली बार **Annual Atheletic Meet** का आयोजन किया गया। इस दिवस पर विभिन्न प्रकार की खेल–कूद प्रतियोगिताओं जैसे– दौड़, कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक इत्यादी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि
2. महाविद्यालय के **प्राचार्य श्री हेमन्त कुमार** रहे। प्राचार्य, प्राध्यापक वर्ग व विद्यार्थियों के सहयोग से इस **Atheletic Meet** का आयोजन सफल रहा।
3. 24 फरवरी, 2019 को महाविद्यालय में **नेहरू युवा केन्द्र** द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन **श्री सुरेन्द्र शर्मा** तथा **श्रीमती कायफा** के निर्देशन में किया गया। इसके अन्तर्गत ***'राजनीति में युवाओं की भागीदारी'*** विषय पर विद्यार्थियों को व्याख्यान द्वारा यह बताने की सफल कोशिश की गई कि आज की राजनीति मे युवाओं की भागीदारी कैसे सुनिश्चित की जा सकती है। भाषण प्रतियोगिता में निम्न छात्रों द्वारा स्थान प्राप्त किए गए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम स्थान | जयवंती | बी.ए. प्रथम वर्ष |
| 02 | द्वितीय स्थान | प्रियांशू | बी.ए. द्वितीय वर्ष |
| 03 | तृतीय स्थान | मृणाल | बी.ए. प्रथम वर्ष |

**मार्च, 2019**

03 मार्च, 2019 को महाविद्यालय में ***दो दिवसीय कार्यशाला*** का आयोजन **निदेशालय उद्योग विभाग, शिमला** द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम ***'मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना'*** के अर्न्तगत किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन **श्रीमती जसवीर कौर** व **श्री जितेन्द्र कुमार** द्वारा किया गया तथा इसमे प्राचार्य हेमन्त कुमार जी, डॉ. सुद्ययान नेगी, सहायक प्राध्यापक मस्तराम व सहायक प्राध्यापिका रितु द्वारा भी अपने विचार प्रकट किए।

**प्राध्यापकों की व्यक्तिगत व शैक्षिक उपलब्धियां**

1. **श्रीमती. वृंदा शांडिल**द्वारा पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ में ***15 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स*** में भाग लिया।इसके अलावा उनके द्वारा नाहन में आयोजित एक दिवसीय वर्कशॉप में भी भाग लिया।
2. **श्री. मनोज कुमार**द्वारा फरवरी, 2020 में आयोजित दो सप्ताह की ***SCERT Induction Training (Solan)***में भाग लिया।इसके अलावा उनके द्वारा शिक्षक संघ द्वारा शिमला में आयोजित सेमिनार में भाग लिया।
3. **डॉ. विजेश पांडे** द्वारा जुलाई, 2019 में आयोजित दो सप्ताह की ***SCERT Induction Training (Solan)***में भाग लिया।
4. **श्रीमती. रितु** द्वारा अगस्त, 2019 में बद्दी विश्वविद्यालय में ***'Emerging Sciences and Technologies'***विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।

**छात्रों की उत्कृष्ट शैक्षिक उपलब्धि**

महाविद्यालय के चार छात्राओं आरती पुण्डीर, मीरा देवी, निकीता शर्मा व पूजा देवी को **2017–18** सत्र की परिक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय की **लैपटॉप योजना** के अन्तर्गत लैपटॉप प्रदान किए गए हैं जो कि इस महाविद्यालय के लिए बहुत की गर्व की बात है तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। इस उपलब्धि के लिए यह चारों छात्राएं बधाई की पात्र है।

**भवन निर्माण की वर्तमान वित्तीय स्थिति**

महाविद्यालय के नए भवन का निर्माण प्रगति पर है तथा वर्तमान में इसकी वित्तीय स्थिति इस प्रकार हैः–

| **S. No.** | **व्यय का ब्यौरा** | **राशि** |
|---|---|---|
| 01 | भवन निर्माण की कुल राशि | 10 करोड़ 80 लाख रूपये |
| 02 | लोक निर्माण विभाग को स्थानांतरित राशि | 9 करोड़ रूपये |
| 03 | शेष राशि | 1 करोड़ 80 लाख रूपये |

**महाविद्यालय की अपेक्षाएं**

महाविद्यालय में स्वच्छ प्रशासन की प्रतिबद्वता निभाने और स्वच्छ शैक्षणिक वातावरण निर्माण के लिए शिक्षा विभाग व हिमाचल सरकार से हमारी कुछ अपेक्षाएं भी हैं। सर्वप्रथम हमें आशा है कि महाविद्यालय को जल्द से जल्द नई बनी इमारत में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।छात्र व छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाए।महाविद्यालय की खेलकूद क्रियाओं के संचालन हेतू खेल के मैदान का निर्माण किया जाए।महाविद्यालय में विज्ञान संकाय शुरू करने से पहले विज्ञान प्रयोगशालाओं की आवश्यक व्यवस्था की जाए।प्राध्यापकों के लिए आवासों का निर्माण किया जाना चाहिए।महाविद्यालय में गैर शिक्षकों के रिक्त पदों जैसे– पुस्तकालय विभाग अधिकारी, वरिष्ठ सहायक पुस्कालय अधिकारी, लिपिक के पदों को भरा जाए।महाविद्यालय में शिक्षकों के नए पदों जैसे– संगीत विभाग (वॉकल), गणित विभाग, अर्थशास्त्र विभाग तथा शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापकों के पदों को सृजित किया जाना आवश्यक है।दूर के क्षेत्रों से आने वाले छात्र व छात्राओं के लिए बसों का प्रबंध किया जाए क्यों कि बसें जल्दी जाने के कारण 2 बजे के बाद विद्यार्थी महाविद्यालय में नहीं रूकते। इसके अलावा नए महाविद्यालय परिसर तक पहुंचने के लिए के पैदल जाने को वैकल्पिक रास्ते का भी निर्माण होना चाहिए।

**धन्यवाद प्रस्ताव**

अंत में समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्यातिथि श्री सुरेश कुमार कश्यप जी का ह्रदयतल से धन्यवाद करता हूं, आपने जिस सहजता और हर्षता से हमारे निमंत्रण को स्वीकार किया तथा इस समारोह में हमारे मध्य उपस्थित होकर इस पारितोषिक वितरण समारोह की शोभा बढ़ाई इसके लिए महाविद्यालय परिवार आपका विशेष आभारी है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती रीना कश्यप जी का भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होने अपनी व्यस्तता में भी महाविद्यालय के लिए समय दिया। सम्माननीय अतिथि श्री बलदेव भण्डारी जी का भी हार्दिक धन्यवाद करता हूं। इसके अतिरिक्त मैं धन्यवाद करता हूं सभी गणमान्य अतिथियों का, शिक्षक अभिभावक संघ के सभी सदस्यों का व पंचायत एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों, पत्रकार बंधुओं तथा यहां उपस्थित आप सभी अतिथियों का जिन्होंने इस समारोह में शामिल होकर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

मैं महाविद्यालय के प्रबुद्व प्राध्यापक वर्ग, गैर–शिक्षक वर्ग, केन्द्रिय छात्र परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर–रेंजर ईकाई, रेड रिबन क्लब तथा समस्त विद्यार्थियों का भी धन्यवाद करता हूं जिन्होंने अनुशासित रहकर सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण व्यवहार से समारोह और महाविद्यालय की गरिमा को बनाए रखने में अपना अहम योगदान दिया। प्रधानाचार्य, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, सराहां का भी विशेष धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस समारोह को आयोजित करने हेतू इस विद्यालय की सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाईं।

मैं इस अवसर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले उन सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को विशेष बधाई देता हूं जिन्हे इस समारोह के कर्मठ व परिश्रमी मुख्यातिथि श्री सुरेश कुमार कश्यप के कर–कमलों से पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसके साथ यहां पर उपस्थित सभी छात्रों को आने वाली परिक्षओं के लिए भी मैं अपनी तरफ से ढेर सारी शुभ कामनाएं देता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप शिक्षा जगत में विशेष ख्याति प्राप्त करें तथा अपने परिवार और माता–पिता, गुरूजनों, महाविद्यालय, प्रदेश व देश का नाम उज्जवल कर भारत माता के अच्छे नागरिक बने।

''जय ''हिमाचल'' हेमन्त कुमार

''जय भारत'' (प्राचार्य)